आरोप — सड़क निर्माण में बाधा, मजदूरों के साथ मारपीट मामला पहुंचा थाने

# शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट और तोड़फोड़ का आरोप



**नवभारत/नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा।** जिस सड़क नाली निर्माण को लेकर लोग परेशान देखे जाते हैं। लेकिन एक मामला ऐसा भी सामने देखने को मिला है कि गांव में हो रही सीमेंट सड़क निर्माण में लोग बाधक बनें हुए हैं। मामला चांवरपाठा विकास खंड की ग्राम पंचायत सर्रा बंधी का है। यहां पर ग्राम पंचायत के द्वारा लगभग दस लाख रुपए की राशि से 200 मीटर सीमेंट सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन इस निर्माण कार्य में कुछ लोग बाधक बनें हुए हैं। यहां पर महिला सरपंच है और मजदूरों के माध्यम से निर्माण कार्य चल ही रहा था कि अचानक इस बनते हुए सड़क मार्ग से टेक्ट्रर निकाल दिया। इतना ही नहीं जब मजदूरों और सरपंच के परिजनों ने रोकने का प्रयास किया तो उनके साथ मारपीट कर दी। महिला सरपंच अपने पति और ग्राम पंचायत सचिव रोजगार सहायक को मजदूरों को लेकर पुलिस थाने तेंदूखेड़ा पहुंचे। शासकीय कार्य में बाधा और मारपीट तोड़फोड़ का मामला दर्ज कराया जा रहा है।

## ठेकेदार की मनमानी झेल रही गाडरवारा की जनता

**गाडरवारा।** स्टेशन आने-जाने वाले मार्ग की बदहाल स्थिति से कई महीनों तक परेशान रहने के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी कि स्टेशन रोड का निर्माण कार्य शुरू होने से राहत मिलेगी। लेकिन अब निर्माण कार्य की धीमी गति और लंबे समय तक अधूरे पड़े काम ने नागरिकों की मुश्किलें कम करने के बजाय और बढ़ा दी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस सड़क के निर्माण से आवागमन सुगम होने की उम्मीद थी, वह कार्य महीनों से चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। सड़क निर्माण के कारण जगह-जगह खोदी गई सड़क, धूल, कीचड़ और यातायात अव्यवस्था से आमजन, व्यापारी, यात्री एवं स्कूली छात्र-छात्राएं परेशान हैं। नागरिकों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी और ठेकेदार की कार्यप्रणाली के कारण लोगों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायतों के बावजूद कार्य में अपेक्षित गति दिखाई नहीं दे रही है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग कर इसे समय-सीमा में पूरा कराया जाए, ताकि स्टेशन रोड से गुजरने वाले हजारों लोगों को राहत मिल सके। जनता का कहना है कि विकास कार्यों का उद्देश्य लोगों को सुविधा देना है, लेकिन कार्य में हो रही देरी से आमजन की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। रही है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग कर इसे समय-सीमा में पूरा कराया जाए, ताकि स्टेशन रोड से गुजरने वाले हजारों लोगों को राहत मिल सके। जनता का कहना है कि विकास कार्यों का उद्देश्य लोगों को सुविधा देना है, लेकिन कार्य में हो रही देरी से आमजन की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

## संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 9 से

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** पुरुषोत्तम मास में जगह जगह धार्मिक आयोजन चल रहे हैं इसी श्रंखला के चलते परमपिता परमेश्वर एवं माँ नर्मदा जी की असीम कृपा तथा पूज्य माता पिता के शुभ आशीर्वाद से स्टेडियम ग्राउंड देवरी राजमार्ग 09 जून से 15 जून तक श्रद्धेय कथा वाचक राष्ट्रीय संत पूज्य विपिन बिहारी महाराज के श्रीमुख से संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जा रहा है। मुख्य यजमान एवं आयोजक पूर्व विधायक संजय शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील करते हुए कहा है कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं अपितु जीवन को धर्म भक्ति सदाचार एवं आध्यात्मिक चेतना से आलोकित करने वाला अमृतमय महोत्सव है। कथा श्रवण से मन को शांति जीवन में सुख-समृद्धि तथा प्रभु कृपा की अनुभूति प्राप्त होती है। सभी श्रद्धालुजनों धर्मप्रेमी बंधुओ एवं मातृशक्ति से विनम्र आग्रह है कि सपरिवार इस पुण्य अवसर पर पधारकर कथा रस का श्रवण करें एवं पुण्यलाभ अर्जित करें। कथा समय प्रतिदिन सायं 04 बजे से शाम 07 बजे तक 16 जून को भंडारा एवं महाप्रसादी के साथ समापन होगा।



# खेरी-कामती में अवैध मिट्टी उत्खनन का आरोप

**नवभारत/गाडरवारा।** गाडरवारा के ग्राम खेरी एवं कामती में शासकीय भूमि पर कथित अवैध मिट्टी उत्खनन का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर मामले की संयुक्त जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाहीं की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार राजस्व अभिलेखों में दर्ज शासकीय जलाशय भूमि से बिना सक्षम अनुमति के जेसीबी एवं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की सहायता से बड़े पैमाने पर मिट्टी का उत्खनन किया गया है। आरोप है कि आजाद ढाबा से ग्राम खेरी तक जाने वाले वर्षों पुराने सार्वजनिक मार्ग से भी मिट्टी हटाई गई, जिससे लगभग 8 फीट चौड़ी, 3 से 12 फीट गहरी तथा 1500 से 2000 फीट लंबी खाई बन गई है। इसके कारण किसानों एवं ग्रामीणों के आवागमन में गंभीर कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत मिलने के बाद तहसील प्रशासन द्वारा पटवारियों को मौके पर निरीक्षण के लिए भेजा गया था। प्रथम दृष्टया मामला शासकीय भूमि पर अवैध उत्खनन, सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध करने तथा शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से जुड़ा बताया जा रहा है। आवेदन में ग्रामीणों ने राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम से जांच कराने, उत्खनन में प्रयुक्त जेसीबी क्रमांक स्क्20स्छ्रू174 सहित अन्य वाहनों की जांच करने, शासकीय भूमि को हुए नुकसान का आकलन कर क्षतिपूर्ति एवं राजस्व हानि की वसूली करने तथा सार्वजनिक मार्ग को तत्काल पूर्ववत बहाल कराने की मांग की है। साथ ही जांच पूर्ण होने तक संबंधित स्थल पर उत्खनन एवं मिट्टी परिवहन पर रोक लगाने की भी मांग की गई है। ग्रामीणों ने दोषियों के विरुद्ध राजस्व संहिता, खनिज नियमों एवं अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत कार्यवाही की मांग करते हुए शीघ्र न्याय की अपेक्षा जताई है। आवेदन पर ग्राम के अनेक ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी दर्ज हैं।



# अहिल्या बाई होलकर की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा की पाल गड़रिया समाज द्वारा अपने आराध्य वंशज अहिल्याबाई होलकर की जन्म जयंती नगर में धूम धाम से मनाई गई।इस मौके पर स्वजातीय बंधुओं ने पुरानी नगर परिषद के सामने तरफ से एक विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली। जिसमें युवा वर्ग में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला।अहिल्या बाई के चित्र पर माल्यार्पण पूजन किया। तथा समाज के वरिष्ठ जनों ने कुरितियों को उखाड़ फेंकने बच्चों को शिक्षित करने व्यसनों को त्यागने जैसे विषयों पर काफी विस्तार से चर्चा की।

# लाड़ली बहनों को 1500, लेकिन बुजुर्गों को अब भी 600 की पेंशन, चार माह से भुगतान नहीं

**नवभारत/ साईखेड़ा।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित लाड़ली बहना योजना के तहत प्रतिमाह ?1500 की राशि प्रदान की जा रही है, वहीं दूसरी ओर वृद्धावस्था पेंशन पर आश्रित बुजुर्गों को मात्र ?600 प्रतिमाह की सहायता राशि मिल रही है। स्थिति यह है कि जिले के अनेक बुजुर्गों को पिछले चार महीनों से पेंशन का भुगतान भी नहीं हुआ है, जिससे उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने का संकट खड़ा हो गया है।जानकारी के अनुसार वृद्धावस्था पेंशन योजना के हितग्राहियों को हर माह की पहली तारीख को राशि उनके बैंक खातों में जमा हो जानी चाहिए, लेकिन कई बुजुर्गों के खातों में लगातार चार महीने से पेंशन नहीं पहुंची है। इसके कारण वृद्धजन कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं और अपनी जमा-पूंजी तथा परिजनों पर निर्भर होकर जीवनयापन कर रहे हैं।बुजुर्गों का कहना है कि वर्तमान समय में महंगाई लगातार बढ़ रही है। खाद्य सामग्री, दवाइयों और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दामों में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन वृद्धावस्था पेंशन की राशि वर्षों से ?600 पर ही स्थिर बनी हुई है। उनका मानना है कि इतनी कम राशि में किसी भी बुजुर्ग की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति संभव नहीं है। दूसरी ओर, राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए संचालित लाड़ली बहना योजना की राशि को बढ़ाकर ?1500 प्रतिमाह कर दिया है। ऐसे में बुजुर्गों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि जहां महिलाओं की सहायता राशि में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है, वहीं वृद्धजनों की पेंशन राशि में लंबे समय से कोई संशोधन नहीं किया गया है।





# आये दिन गाडरवारा-तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग पर हो रहे हादसे

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर आये दिन हादसे दुर्घटना होना अब आम बात हो गई है। घुमावदार इस सड़क मार्ग पर बबूल की झाड़ियां फैल जाने सड़क तक आ जाने के कारण सामने तरफ से आने वाले वाहन दूर से दिख नहीं पाते हैं। और सामने वाले बाहन अचानक अपना संतुलन खो बैठते हैं।सामने जा भिड़ते है।इस मार्ग पर छोटे छोटे बाहन चालकों की घटनाएं दुर्घटनायें घटित होना आम बात हो गई है। लोगों ने मांग की है कि सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल प्रभाव से झाड़ियां काट देना चाहिए।जिससे सामने तरफ के बाहन स्पष्ट रूप से दिख सकें।

### एक नजर में

## कलेक्टर रजनी सिंह ने जनसुनवाई में दिव्यांग मुकेश को वैशाखी प्रदान की

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान गाडरवारा के विकलांग मुकेश कहार लाठी के सहारे अपना आवेदन लेकर पहुंचे। आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने मौके पर ही विकलांग मुकेश कहार को वैशाखी प्रसाद की। जनसुनवाई में तहसील गाडरवारा के सालीचौका-बेलखेड़ी निवासी सेवाराम किरार ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि वे पिछले 6 माह से उनका ई-टोकन बुक नहीं हो रहा है, जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। कलेक्टर सिंह ने किरार की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। सेवाराम कहते हैं कि जनसुनवाई में आकर उनकी शिकायत का तुरंत निराकरण हुआ और उनका ई-टोकन बुक हो गया है। उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 160 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

## 6 जून को नरसिंहपुर में नेशनवाइड मेगा एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीच कैम्प का आयोजन होगा

**नरसिंहपुर।** अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) नरसिंहपुर श्री विकास पंवार ने बताया कि आगामी 6 जून को नरसिंहपुर में नेशनवाइड मेगा एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीच कैंप का आयोजन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किया जाएगा। जिले के किसानों, कृषि उद्यमियों और ग्रामीण स्वरोजगार से जु? हितग्राहियों को कृषि एवं उससे संबद्ध गतिविधियों के लिए विभिन्न ऋण योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की 13 शाखाओं के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, स्वसहायता समूह (एसएचजी), खाद्य प्रसंस्करण, ग्रामीण भंडारण तथा कृषि व्यवसाय से संबधित ऋणों की स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। यह कार्यक्रम किसानों एवं ग्रामीण उद्यमियों को संस्थागत वित्त उपलब्ध कराने और कृषि क्षेत्र में निवेश को ब?ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। शिविर के दौरान पात्र आवेदकों को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। ऋण संबंधी मार्गदर्शन और परामर्श भी दिया जाएगा। उन्होंने सभी किसानों, पशुपालकों, स्वसहायता समूह तथा कृषि आधारित उद्यमों से जु? व्यक्तियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर वित्तीय सुविधाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन कृषि विकास, ग्रामीण उद्यमिता एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

## मकान खुदाई में मिला 12 किलो का विशाल जिंदा बम ले गई सेना, सीओडी में डिफ्यूज

**नवभारत,जबलपुर।** डुमना एयरपोर्ट के नजदीक गदेरी में गत दिवस एक निर्माणाधीन मकान में खुदाई के दौरान मिला 12 किलोग्राम वजनी का जिंदा विशाल सैन्य बम को सेना ने अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद उसे ऑर्डिनेंस डिपो (सीओडी) ले जाया गया जहां जिंदा बम को डिफ्यूज करने की कार्रवाई की गई। विदित हो कि गत दिवस डुमना एयरपोर्ट के पास स्थित ग्राम गदेरी में सुनील यादव के एक प्लॉट पर मकान निर्माण का कार्य चल रहा था। नींव के लिए जब मजदूर जमीन की खुदाई कर रहे थे, तभी अचानक मिट्टी के नीचे एक भारी और संदिग्ध धातु की वस्तु दिखाई दी थी।

## कृत्रिम हाथ-पैर के लिए चिन्हांकन होगा नि:शुल्क

**नरसिंहपुर।** उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नरसिंहपुर ने बताया कि जिले में एस.आर. ट्रस्ट एल्मिकों के माध्यम से एडिप योजना के अंतर्गत जिले के ऐसे दिव्यांगजन, जिनके हाथ या पैर नहीं है, उन्हें ऑन द स्पॉट एवं कृत्रिम हाथ-पैर (उन्नत तकनीकी से तैयार) का चिन्हांकन/ निःशुल्क वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल की मौजूदगी में मंगलवार को पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एस.आर. ट्रस्ट और एल्मिकों के माध्यम से एडिप योजनांतर्गत दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ-पैर का वितरण किया गया। यह कृत्रिम हाथ-पैर उन्नत तकनीकी से तैयार किए गए हैं। इस शिविर के माध्यम से नरसिंहपुर क्षेत्र के 57 दिव्यांगजन लाभांवित हुए।

# एसडीएम कार्यालय व आईसीआई बैंक बना इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्जिंग पॉइंट

**नवभारत/ गोटेगांव।** नगर में शासकीय कार्यालयों और सार्वजनिक परिसरों में सरकारी बिजली के निजी उपयोग के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला गोटेगांव के एसडीएम कार्यालय और आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम परिसर से जुड़ा है, जहां इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग को लेकर लोगों में नाराजगी और सवाल दोनों देखने को मिल रहे हैं। जानकारी के अनुसार गोटेगांव एसडीएम कार्यालय परिसर में शासकीय कर्मचारी अपनी सुविधा अनुसार निजी इलेक्ट्रिक वाहनों को कार्यालय की विद्युत व्यवस्था से चार्ज कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी कार्यालयों में आम जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ता है, जबकि दूसरी ओर सरकारी बिजली का उपयोग निजी कार्यों में खुलेआम किया जा रहा है। लोगों ने इसे सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष उदाहरण बताया है। वहीं नगर स्थित आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम परिसर में उस समय लोगों की भौंहें तन गईं, जब एटीएम कक्ष के भीतर एक इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्जिंग पर लगी दिखाई दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एटीएम के अंदर मौजूद विद्युत व्यवस्था का उपयोग वाहन चार्ज करने के लिए किया जा रहा था। घटना की तस्वीरें सामने आने के बाद बैंक की सुरक्षा व्यवस्था और नियमों के पालन पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एटीएम परिसर अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है, जहां सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। ऐसे में वहां निजी वाहन चार्ज किया जाना न केवल नियमों के विपरीत माना जा रहा है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर लापरवाही समझी जा रही है। बताया जा रहा है कि चार्जिंग पर लगी स्कूटी बैंक प्रबंधक की है। यदि यह तथ्य सही पाया जाता है, तो मामला और गंभीर हो जाता है, क्योंकि जिस अधिकारी पर बैंक की संपत्ति और सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी है, उसी पर परिसर के निजी उपयोग के आरोप लग रहे हैं। इस पूरे मामले को लेकर नगर में चर्चा का माहौल है। लोगों ने संबंधित विभागों और बैंक प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग ही नियमों का पालन नहीं करेंगे, तो आम जनता को नियमों का पालन करने के लिए कैसे प्रेरित किया जाएगा।




## प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का पंजीयन शिविर आयोजित


**नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत पंजीयन शिविर नगरपालिका करेली में मंगलवार को सम्पन्न हुआ। शिविर में 18 वर्ष से 40 वर्ष तक की आयु के असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों का पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित एक सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना है। इस योजना के अंतर्गत श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रतिमाह 3 हजार रुपये की न्यूनतम पेंशन प्रदान की जाती है। योजना में श्रमिक द्वारा निर्धारित मासिक अंशदान जमा किया जाता है तथा केंद्र सरकार द्वारा भी समान राशि का योगदान किया जाता है। पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड, आधार एवं ई-श्रम में पंजीकृत मोबाइल नंबर तथा बैंक पासबुक शामिल हैं। जिन श्रमिकों का ई-श्रम पंजीयन नहीं हुआ है।

# स्थानांतरित एसडीएम कलावती ब्यारे को दी विदाई

**नवभारत/ गाडरवारा।** प्रशासनिक फेरबदल के तहत गाडरवारा की लोकप्रिय अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कलावती ब्यारे का स्थानांतरण जिला मुख्यालय नरसिंहपुर हो गया है। उनके कार्यकाल के अंतिम दिन एसडीएम कार्यालय में विदाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और आम नागरिक उनसे मिलकर भावुक हो उठे।

कई कर्मचारियों की आंखें अपनी प्रिय अधिकारी को विदा करते समय नम दिखाई दीं। कर्मचारियों और जनता के बीच बनाई अलग पहचान गाडरवारा में अपने कार्यकाल के दौरान कलावती ब्यारे ने प्रशासनिक कार्यशैली की पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़कर जनता और कर्मचारियों के बीच विशेष स्थान बनाया। उच्च पद पर होने के बावजूद उन्होंने कभी अफसरशाही का रौब नहीं दिखाया। उनका व्यवहार हमेशा सहज, आत्मीय और सहयोगपूर्ण रहा। कार्यालयीन दायित्वों के साथ-साथ वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की व्यक्तिगत समस्याओं और सुख-दुख में भी सहभागी बनती थीं। यही कारण रहा कि उनके स्थानांतरण की खबर से कर्मचारियों में भावुकता साफ दिखाई दी। गरीब और जरूरतमंदों की बनीं सहारा कलावती ब्यारे की कार्यशैली का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह रहा कि उन्होंने हमेशा गरीब, कमजोर और जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता दी। जिन लोगों की कोई राजनीतिक पहुंच या प्रभाव नहीं था, उनकी समस्याओं के समाधान के लिए भी वे तत्परता से आगे आईं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि उन्होंने दिन-रात मेहनत कर आमजन की समस्याओं का निराकरण किया और प्रशासन को अधिक संवेदनशील एवं जनहितैषी बनाने का प्रयास किया। संवेदनशील व्यक्तित्व ने जीता लोगों का दिल आमतौर पर प्रशासनिक अधिकारियों को कठोर और औपचारिक माना जाता है, लेकिन कलावती ब्यारे ने अपने संवेदनशील और मानवीय व्यवहार से लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। क्षेत्र में हुए कई दुखद हादसों और पीड़ित परिवारों की पीड़ा को देखकर उनकी आंखें भी कई बार नम हुईं। यही संवेदनशीलता उन्हें आम लोगों के और करीब ले आई। विदाई समारोह में शासकीय कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। गाडरवारा उन्हें एक कर्मठ, संवेदनशील और जनहितैषी अधिकारी के रूप में लंबे समय तक याद रखेगा।





# सारंग की जयंती वृद्धजन सम्मान कर मनायी गई

**नरसिंहपुर।** आज भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद स्व. कैलाश नारायण सारंग की जन्म जयंती प्रयास शिक्षण एवं सामाजिक संगठन द्वारा मातृ-पितृ भक्ति दिवस एवं वृद्धजन सम्मान दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पं. नीरज महाराज ने कहा कि स्व. श्री सारंग भाजपा के आधार स्तंभ रहे है, नरसिंहपुर के सैकड़ों कार्यकर्त्ताओं से उनका सीधा संपर्क रहा है। स्व. श्री सारंग की जयंती के अवसर पर इस कार्यक्रम के माध्यम से वृद्धजनों का सम्मान श्री सारंग सच्ची श्रद्धांजलि है। इसके पूर्व अतिथियों सहित उपस्थित जनों द्वारा स्व. श्री सारंग के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष नीरज महाराज सहित अनेक लोगों ने दीन दयाल रसोई में उपस्थित वृद्धजनों का माल्यार्पण एवं तिलक से स्वागत सम्मान किया। प्रयास संस्था द्वारा आज की भोजन व्यवस्था में सहयोग भी प्रदान किया। इस अवसर पर कुवंर विक्रांत पटैल, प्रशांत नेमा, सूर्यप्रताप राजपूत, अविनाश तिवारी, अभय राजपूत परम, मालती पटैल, रजनी पटैल, झल्लो बाई, डिल्ली बाई, अंचल यादव सहित प्रयास संस्था के सदस्य मौजूद रहे।